दिनांक : 21.04.2024 समय : 07.10पीएम

आकाशवाणी भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार चरम पर, बुधवार को थमेगा चुनावी शोर।
- शत–प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ राज्य में भी स्वीप गतिविधियां जारी।
- श्रद्धा भाव के साथ प्रदेश में आज मनाई गई भगवान महावीर की जयंती।
  और
- मौसम में फिर बदलाव, जबलपुर, बुरहानपुर, बैतूल सहित 17 जिलों में कल बारिश के आसार।

............

चुनाव प्रचार–प्रदेश

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार चरम पर है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में प्रदेश की 6 सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहों, सतना, रीवा और होशंगाबाद में भी वोट डाले जाएंगे। यहां प्रचार बुधवार को थम जाएगा। प्रचार के अंतिम तीन दिन आईएनडीआई गठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सहित सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता रैलियां कर रहे हैं। कांग्रेस के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज सतना में जनसभा को संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि हम जो वादे करते हैं, वो पूरा कर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून बनाए और गरीबों के हितों की रक्षा की। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर जिले के रामनगर में भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे, इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा के अहमदपुर में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा के लिए वोट की अपील की।

ईवीएम सुरक्षा–शहडोल

शहडोल लोकसभा सीट पर मतदान के बाद प्रत्याशियों के हार–जीत को लेकर कयास शुरू हो गए हैं। मतदान के बाद ईवीएम और वीवीपैट स्ट्रांग रूम में 44 दिन के लिए सील किया जा चुका है। कई लेयर की कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। सीसीटीव्ही कैमरे से 24 घंटे कड़ी नजर रखी जा रही है। निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी कर दिया है। इस बार शहडोल सीट पर 64.68 प्रतिशत मतदान हुवा है। यह आंकड़ा पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। सबसे अधिक शहडोल जिले के जयसिंहनगर विधानसभा में मतदान हुवा तो सबसे कम कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में हुवा। कम मतदान की वजह तेज गर्मी, शादी–ब्याह का सीजन और मतदाताओं में प्रत्याशियों को लेकर अरुचि को माना जा रहा है। हालांकि पूरे लोकसभा क्षेत्र में 6 गांव ऐसे रहे जहां शत प्रतिशत मतदान हुवा। इनमें से उमरिया जिले के 5 और शहडोल जिले का 1 गांव शामिल है। शहडोल सीट के लिए 10 दावेदार चुनाव मैदान में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के अलावा दो निर्दलीय

प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में सील है। अब 4 जून को मतगणना के दिन इन सभी के भाग्य का फैसला होगा।

मतदाता जागरूकता–प्रदेश

प्रदेश में जारी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। नर्मदापुरम जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के दौरान पूरे दमदम ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। देवास में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आज वृद्धा आश्रम बसेरा में वृद्ध जनों द्वारा नींबू रेस, चेयर रेस का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान में 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का सम्मान किया गया। साथ ही मतदान करने की अपील की एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। नीमच में दिव्यांगजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई, यहां मूकबधिर दिव्यांगजनों से सांकेतिक भाषा में मतदान करने की अपील की गई। शिवपुरी जिले के घनियाधाना में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। इस मौके पर लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में कल नर्मदा घाट पर मतदाता जागरूकता के तहत आटे के दीपक जलाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। यहां हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। सतना, आगरमालवा, इंदौर, भोपाल सहित सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

महावीर जयंती

आज महावीर जयंती है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म उत्सव जैन अनुयायी बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। जैन समुदाय के लोग इस दिन जैन मंदिरों में जाकर पूजा–पाठ करते हैं वहीं इस दिन भव्य जुलूस भी निकाला जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महावीर जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, राष्ट्रपति मुर्मु ने नागरिकों से भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपनाकर सभी जीवों के कल्याण के लिए काम करने का संकल्प लेने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।

इधर प्रदेश में भी भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। बैतूल, खंडवा, गुना जिले में भी जैन समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई।

मौसम

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में एक बार फिर से आंधी–बारिश का दौर शुरू होगा। मंडला में बीती रात मौसम अचानक बदला। बादलों की गर्जना, बिजली की चमक के साथ तेज आंधी चली व तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान जबलपुर, बुरहानपुर, बैतूल, नर्मदापुरम, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, सिवनी, बालाघाट, मंडला, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल और मैहर जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। यहां 30 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

समाचार संक्षेप में :–

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शहडोल मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सुविधा के लिए स्कैन एंड शेयर ओपीडी की व्यवस्था शुरु हो गई है। इससे मरीजों को अब लंबी कतार में नहीं लगना पड़ेगा।
- देवास जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त 54 सेक्टर अधिकारियों को जिला पंचायत सभागृह में 23 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशनरों की समस्याओं के निदान के लिये 18 जून को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले में चुनाव ड्यूटी के दौरान बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित रहने पर 5 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।
- शहडोल जिला जेल सहित बुढ़ार एवं ब्योहारी उपजेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण और विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
- सागर जिले में बाहर भूसा निर्यात करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं जिले के बाहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को 30 जून तक जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है।
- जबलपुर से 25 किलोमीटर दूर बघराजी के पास आज दोपहर एक बड़ा सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

———————————